


# स्कूल के नोटिस बोर्ड में मिली बम से उड़ाने की धमकी

## लिखा- अतीक मारा गया है, उसके गुर्गे नहीं मांगी 10 लाख फिरौती, थाने पहुंची शिकायत

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 अप्रैल. जिले के कोठी थाना क्षेत्र स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय कठवरिया में सोमवार को हड़कंप मच गया, जब स्कूल के नोटिस बोर्ड पर बम से उड़ाने की धमकी भरा पोस्टर मिला। इसमें 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई है और खुद को गैंगस्टर अतीक अहमद का गुर्गा बताया गया।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह शिक्षकों ने विद्यालय पहुंचने पर नोटिस बोर्ड पर यह संदिग्ध पोस्टर देखा। पोस्टर में स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी और शिक्षकों से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी। पोस्टर में लिखा- अतीक मारा गया, गुर्गे नहीं धमकी देने वाले ने पोस्टर में लिखा था, अतीक मारा गया है, उसके गुर्गे नहीं। इस लाइन को पढ़कर शिक्षकों में दहशत फैल गई। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टर को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में इसे किसी शरारती तत्व की हरकत माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है।

### मामले की जांच जारी

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेमलाल कुर्वे ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। स्कूल परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और छात्रों व अभिभावकों से सतर्क रहने की अपील की गई है। हेडमास्टर अरुण पांडेय ने इस संबंध में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

### कोर्ट-पासपोर्ट ऑफिस को मिल चुकी है धमकी

इसके पहले कोर्ट को उड़ाने की मिली थी धमकी गौरतलब है कि सतना में इससे पहले भी जिला न्यायालय और पोस्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिल चुके हैं, जिनकी जांच अभी जारी है। लगातार मिल रही धमकियों से पुलिस प्रशासन भी सतर्क हो गया है।

# मैहर के ढाबों से 20 हजार लीटर अवैध ईंधन जब्त

## कलेक्टर-एसपी की मौजूदगी में ढाबों पर की गई छापेमारी, 9 प्रकरण दर्ज





नवभारत न्यूज

**सतना, 6 अप्रैल. मैहर जिले में सोमवार दोपहर अवैध डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस के कारोबार के खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया।**

कलेक्टर रानी बाटड़ और एसपी अवधेश प्रताप सिंह समेत टीम ने अमदरा और रामनगर क्षेत्रों में संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी। इस दौरान करीब 20,000 लीटर अवैध डीजल और भारी मात्रा में गैस सिलेंडर बरामद किए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासन की टीम ने अमदरा थाना क्षेत्र के घुनवारा और सभागंज में हाईवे किनारे स्थित ढाबों पर औचक छापेमारी की। बाबूजी ढाबा पर की गई कार्रवाई में एक टैंकर सहित ड्रमों में भरकर रखा गया अवैध डीजल जब्त किया गया। अधिकारियों के पहुंचने की खबर मिलते ही कई ढाबा संचालक मौके से फरार हो गए।

इसी कड़ी में छापेमारी के दौरान अमरपाटन क्षेत्र से 14 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए गए, जिनका व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। इसके अलावा, ढाबों की तलाशी में कुल 47 लीटर अवैध शराब भी मिली है। एसपी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई जिले में सक्रिय माफियाओं पर नकेल कसने के लिए की गई।

अन्य ढाबे संचालक जिनके विरुद्ध कार्रवाई की गई उनमें गुरुकृपा ढाबा घुनवारा के शिवम सोनी, यादव ढाबा घुनवारा के पुष्पेन्द्र यादव, जय मां शारदा ढाबा विनोद कुमार, सुन्दरम ढाबा राहुल साहू, चौबे ढाबा रामपाल गुप्ता, यादव ढाबा घुनवारा शीतल कचेर एवं बाबूजी ढाबा पथरहटा अमरशिवहरे शामिल हैं.पुलिस ने इनके विरुद्ध अवैध रूप से डीजल पेट्रोल का संग्रहण करने का मामला कायम किया है.

### अमदरा-रामनगर में 9 मामले दर्ज

इस बड़ी कार्रवाई के तहत प्रशासन ने अब तक कुल 9 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए हैं। इनमें सबसे अधिक 7 मामले अमदरा क्षेत्र में पेट्रोलियम पदार्थों की अवैध जमाखोरी को लेकर दर्ज हुए हैं। वहीं, रामनगर क्षेत्र में डीजल चोरी और अवैध भंडारण के 2 मामले पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# सात महीने बाद पुलिस के हत्थे चढ़े लूट के 3 आरोपी

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 अप्रैल. अगस्त महीने में रिगरा पुलिया के निकट मारपीट कर 25 हजार की नकदी लूटने की घटना सामने आई थी। हालांकि पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की लेकिन कामयाबी नहीं मिली। लेखी घटना के 7 महीने बाद घटना के 3 आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए।**



थाना प्रभारी देहात रेनू मिश्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10.08.2025 को फरियादी अशोक पटेल निवासी ग्राम आमाडाडी अपने भतीजे राहुल पटेल के साथ रीवा से 25,000 रु लेकर वापस आ रहा था। रात्रि लगभग 09:30 बजे रिगरा पुलिया के पास तीन आरोपियों द्वारा उन्हें रोककर मारपीट की गई तथा फरियादी से नगदी एवं आधार कार्ड लूट लिया गया। फरियादी की रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर आरोपियों सिध्दार्थ उर्फ अनिकेत पटेल, जीतेन्द्र उर्फ सुखेन्द्र पटेल एवं आशीष उर्फ आशुतोष पटेल, निवासी ग्राम रिगरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिनके द्वारा अपराध स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से लूट की राशि में से 5,000रु बरामद किए गए। पुलिस द्वारा तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

## सुनील कांग्रेस अजा विभाग के जिलाध्यक्ष बने

**सतना, 6 अप्रैल.** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार एवं सतना कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा की अनुशंसा पर सुनील चौधरी को अनुसूचित विभाग का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सुनील लंबे समय से कांग्रेस में सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं।



# प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय कल आएंगे

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 अप्रैल. प्रदेश के नगरीय विकास एवं जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय कल 08 अप्रैल को सतना आयेगे जहा पर वो विभिन्न कार्यक्रमो मे हिस्सा लेगे।**

भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अतुल सिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री विजयवर्गीय सुबह 09:30 बजे मैहर से चलकर 10 बजे सतना पहुचेगे जहा पर वो आदित्य इंजीनिरिंग कालेज के पास जिगनहट मे नगर निगम सतना के नवीन एनीकेट का भूमि पूजन करेगे। श्री विजयवर्गीय जिगनहट से चलकर सुबह 11:30 बजे उमा रिसोर्ट पहुचेगे जहा पर वो भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन मे हिस्सा लेगे।



कार्यकर्ता सम्मेलन के पश्चात प्रभारी मंत्री चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के जैतवारा जायेगे जहा पर वो दोप. 02:30 बजे नवीन नगर पंचायत भवन का लोकार्पण एवं रिंग रोड का भूमि पूजन करेगे। श्री विजय वर्गीय जैतवारा से चलकर शायं 04 बजे सतना पहुचेगे एवं सर्किट हाउस मे रुकने पश्चात स?क मार्ग से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेगें

## हनुमान जन्मोत्सव में हरदौल बाबा मंदिर में बजरंग दल की महाआरती

**सतना, 6 अप्रैल.** हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व में बजरंग दल द्वारा नजीराबाद स्थित हरदौल बाबा मंदिर में महा आरती का कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष नरेश शुक्ला के नेतृत्व में किया गया मंदिर में भंडारे का आयोजन हरदौल बाबा मंदिर समिति ने किया जिसमें सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। महा आरती कार्यक्रम में नरेश शुक्ला, राजबहादुर मिश्रा ,राम जी गुप्ता ,आदर्श त्रिपाठी ,बादल चतुर बेदी, सूजल बाल्मीकि, मनीष शर्मा सहित सैकड़ों पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पत्नी का प्रेम प्रसंग बना पति की हत्या का कारण, पुलिस ने किया खुलासा

## अमरपाटन के पडक्का में हुई अंधी हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

नवभारत न्यूज

**सतना 6 अप्रैल. दो दिन पहले अमरपाटन के औद्योगिक क्षेत्र पडक्का में मिली लाश की गुतथी को सुलझाते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पत्नी के प्रेमी द्वारा अपने साथी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी गई थी.**



अमरपाटन थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी प्रेमलाल कोल निवासी मौहरिया जगन्नाथ द्वारा इस बात की शिकायत की गईई थी कि उसके पुत्र राजभान का कोई पता नहीं चल रहा है. फरियादी की शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा जांच शुरु ही की गई थी कि अगले दिन 4 अप्रैल को राजभान का शव औद्योगिक क्षेत्र स्थित झिन्ना नाले के पास पाया गया. मृतक के सिर और गले पर चोट के निशान थे. जिसके आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की. जांच के दौरान संदेह के दायरे में आए दिलीप पटेल उर्फ कल्लू 23 वर्ष निवासी खरमसेड़ा को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरु की गई. पूछताछ में कल्लू ने बताया कि मृतक राजभान की पत्नी साधना के साथ उसका पूर्व से प्रेम संबंध था. जिसके चलते उसने राजभान को रास्ते से हटाने की योजना बना ली. कल्लू ने अपने साथियों करन केवट, बिजेंद्र कुशवाहा और करन के दो रिश्तेदारों के साथ मिलकर राजभान को औद्योगिक क्षेत्र पडक्का बुलाया. जहां पर शराब पीने के बाद हुए विवाद के बीच उन्होंने राजभान पर हमला कर दिया. कांच की बोतल और पत्थर से हमला करने से अत्यधिक रक्तस्त्राव के कारण राजभान की मौत हो गई. जिसे देखते हुए पुलिस ने आरोपी दिलीप उर्फ कल्लू और बिजेंद्र कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया.

# भाजपा कार्यालय में मनाया गया पार्टी का स्थापना दिवस,सप्ताह भर चलेंगे कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 अप्रैल. भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय मे पार्टी के जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता एवं सतना सांसद गणेश सिंह, विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, महापौर योगेश ताम्रकार सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की विशेष मौजूदगी मे आयोजित कार्यक्रम मे 'भाजपा के इतिहास एवं विकास''विषय पर व्याख्यान दिये गये।**




इससे पहले भाजपा कार्यालय मे पार्टी के जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय ने ध्वजारोहण किया एवं राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गायन किया गया उसके पश्चात् पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओ ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सभागार मे आयोजित कार्यक्रम मे प्रदेश के 17 जिला भाजपा कार्यालयो के भूमि पूजन का लाइव प्रसारण देखा गया एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल का वर्चुअल उद्बोधन भी सुना गया। स्थापना दिवस के अवपर पर 07 अप्रैल से 12 अप्रैल तक बूथ से लेकर जिलास्तर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। बुधवार 08 अप्रैल को जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की मौजूदगी मे उमा रिसोर्ट मे सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है।

कार्यालय के सभागार मे आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है जो विकास और सुशासन का पर्याय है। हमने विकास के नये आयामो से देश को सुशज्जित किया है। उन्होने कहा कि सशक्त भारत के निर्माण मे भाजपा का योगदान अतुल्यनीय है.भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि कार्यकर्ताओ के समर्पण के दम पर हम सबसे बड़े राजनैतिक दल के रुप मे काम कर रहे है। लोकतांत्रिक मूलो की रक्षा, सुशासन और देश के विकास मे भाजपा का महत्वपूर्ण योगदान है। महापौर योगेश ताम्रकार ने अपने सम्बोधन मे कहा भाजपा की विचारधारा केवल सिद्धान्तो तक सीमित नही रही बल्कि उसे नीति और निर्णयो के माध्यम से व्यवहार मे भी उतारा गया।



# संगठन विस्तार के लिए 30 दिवसीय विशेष अभियान घोषित

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 अप्रैल. आम आदमी पार्टी मध्य प्रदेश का राज्य कार्यकारिणी सम्मेलन भोपाल में संपन्न हुआ। बैठक में प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर एवं सहङ्कप्रभारी सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने जोन के पदाधिकारियों से वन-टू-वन बैठक करते हुए संगठन की वर्तमान स्थिति और आगामी विस्तार पर विस्तृत चर्चा की।**

बैठक में स्पष्ट रूप से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 30 दिनों के भीतर सभी विधानसभा कमेटियों का पुनर्गठन किया जाएगा। साथ ही यह निर्देश दिया गया कि आम आदमी पार्टी के केजरीवाल मॉडल को गांव-गांव, घर-घर तक पहुँचाने का विशेष अभियान चलाया जाए। प्रभारियों ने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी ईमानदारी, पारदर्शिता और निरंतर सक्रियता के साथ कार्य करें, क्योंकि कार्यों की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी। इस दौरान बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष जीतेन्द्र चौरसिया एवं उमेश त्रिपाठी,प्रदेश संगठन मंत्री भक्तराज सिंह, जिलाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह,सतना जिले के प्रदेश पदाधिकारी राजाराम यादव, मनीष प्रताप सतनामी, देवांशू द्विवेदी तथा रीवा जोन के सभी जिला अध्यक्ष व प्रदेश पदाधिकारी प्रमुख तौर पर उपस्थित रहे। बैठक पश्चात जिला अध्यक्ष डॉ. अमित सिंह ने जिले के कार्यकर्ताओं एवं सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से आह्वान करते हुए कहा कि यह हमारे संगठन को नए स्तर पर ले जाने का निर्णायक समय है। सतना जिले के प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता से मेरा आग्रह है कि वे पूरी ऊर्जा, समर्पण और टीमवर्क के साथ मैदान में उतरें। क्योंकि क्योंकि पार्टी की प्राथमिकता है .

# बेटियां ही सशक्त समाज की असली नींव : डॉ . नलिनी शुक्ला

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 अप्रैल. स्थानीय शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई ( एम.एल.बी. ) कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को 'नई दिशा फाउंडेशन' द्वारा एक विशेष जन-जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।**




कार्यक्रम संस्था की अध्यक्षा श्रीमती मनीषा सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य छात्राओं को सामाजिक सरोकारों, स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्षा मनीषा सिंह ने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब बेटियां शिक्षित होने के साथ-साथ अपने अधिकारों के प्रति सजग हों। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. नलिनी शुक्ला ने अपने उद्बोधन में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बेटियां ही सशक्त समाज की असली नींव हैं। वहीं डॉ. विनीत गुप्ता ने स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए छात्राओं को स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।

## मोहम्मद राहीब बने डेप्युटी चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफीसर

**सतना, 6 अप्रैल.** ए.के.एस. विश्वविद्यालय, सतना के पूर्व छात्र मोहम्मद राहीब ने उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यावरण विभाग के अंतर्गत क्लीन एंड मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अथॉरिटी में डेप्युटी चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर का पदभार ग्रहण कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।मोहम्मद राहीब ने ए.के.एस. विश्वविद्यालय से माइनिंग इंजीनियरिंग में बीटेक की शिक्षा प्राप्त की। इसके पश्चात उन्होंने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से एमटेक कर अपनी तकनीकी दक्षता को और सुदृढ़ किया।



# कांग्रेस ने लिया संकल्प, पहले लड़े थे गोरों से अब लड़ेंगे चोरों से

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 अप्रैल. कांग्रेस सेवादल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न कांग्रेस सेवादल के जिलाअध्यक्ष बरमेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि कांग्रेस सेवादल का तीन दिवसीय सहयोगी प्रशिक्षण शिविर उचेहरा में सेठ हीरालाल अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित किया गया।**




प्रशिक्षण समापन के मुख्य अतिथि सी.डब्लू, सी. के सदस्य पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व विधायक सिद्धार्य कुशवाहा द्वारा की गई। कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति पूर्व राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा, शहर अध्यक्ष मकसूद अहमद, पूर्व विधायक कल्पना वर्मा, विधायक प्रत्याशी रमाशंकर पयासी, प्रदेश सचिव राजभान सिंह, अजीत सिंह, किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह परसवारा, जिला प्रभारी अनिल शुक्ला, स्वर्ण बोर्ड के प्रदेश संयोजक राममनोहर सोनी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गीता सिंह, उर्मिला त्रिपाठी, हेमलता सिंह, आरती सिंह, वंदना बागरी, किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संतोष पाण्डेय, जिला सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संजय तिवारी, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वरूण गुर्जर, कांग्रेस सेवादल के प्रदेशाध्यक्ष अवनीश अर्गाव, प्रदेश प्रभारी प्रकाश नारायण मिश्रा, राष्ट्रीय महासबिव लालजी मिश्रा, कांग्रेस सेवादल महिला अध्यक्ष संगीता काकरिया, प्रदेश सचिव रामप्रताप कुशवाहा लाला, के0डी0 चतुर्वेदी, सहित वरिष्ठ नेताओं की रही।

## एक नजर में




### देह दानियों के सम्मान में प्रेरणादायी आयोजन

**सतना,** चंद्रशेखर आज़ाद पूर्व सैनिक संगठन, सतना की उचेहरा इकाई द्वारा लार्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल, भरहुत में एक अत्यंत प्रेरणादायी एवं सामाजिक चेतना से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन प्रात: 10 बजे से किया गया, जिसमें उन पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारजनों का सम्मान किया गया जिन्होंने मरणोपरांत देहदान का संकल्प लेकर देश के चिकित्सा क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में संगठन के जिला अध्यक्ष सुनील सिंह परिहार सहित एक दर्जन से अधिक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। उचेहरा इकाई के अध्यक्ष उदयभान सिंह ( सेवानिवृत्त) एवं कार्यक्रम प्रभारी कमलेश सिंह ( स्वङ्घ) द्वारा सभी अतिथियों का भव्य स्वागत पुष्पमाला एवं सम्मान के साथ किया गया तथा मंच पर स्थान प्रदान किया गया।



### माइनिंग प्लान एवं सेक्शन की तैयारी पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन

**सतना।** श्री रामा कृष्णा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग साइंस एंड मैनेजमेंट, करही में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रम के अंतर्गत माइनिंग प्लान एवं सेक्शन की तैयारी विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान को प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. राकेश कुमार सिंह, डायरेक्टर, श्री रामा जिओ प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सिंह ने माइनिंग प्लान की तैयारी के विभिन्न चरणों, तकनीकी पहलुओं एवं आवश्यक मानकों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक प्रभावी माइनिंग प्लान तैयार करने के लिए भू-वैज्ञानिक डाटा, सर्वेक्षण, और पर्यावरणीय पहलुओं का समुचित ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है।

### जेल में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन

**सतना।** केंद्रीय जेल सतना में बंदियों के मानसिक, आध्यात्मिक और नैतिक उत्थान के उद्देश्य से जेल अधीक्षक लीना कोस्टा एवं जेल परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के तृतीय दिवस पर खजुरीताल के पीठाधीश्वर पूज्य जगद्गुरु रामलला चार्य जी महाराज ने प्रेरणादायी कथा वाचन किया। यह कथा विशेष रूप से जेल में निरुद्ध बंदियों के हितार्थ आयोजित की जा रही है, ताकि उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन, आत्मचिंतन और आध्यात्मिक जागरण का मार्ग प्रशस्त हो सके ।कथा के दौरान पूज्य महाराज ने कहा कि जीवन में आत्मबल का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यदि मनुष्य का आत्मबल मजबूत है, तो वह किसी भी परिस्थिति में हार नहीं सकता। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियां व्यक्ति की परीक्षा लेती हैं, .

